भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. *64

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग

*64. श्री अरूण सावः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) छत्तीसगढ़ राज्य से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या राज्य में किसी चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या छत्तीसगढ़ में नये राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि आवंटित की गई?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): एक विवरण सभा-पटल पर रखा गया है।

'राष्ट्रीय राजमार्ग' के संबंध में श्री अरूण साव द्वारा 21.11.2019 को पूछे गए लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *64 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित विवरण

(क): छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरने वाले कुल 20 राष्ट्रीय राजमार्ग हैं।

(ख): जी, हाँ। छत्तीसगढ़ राज्य में 4 लेन की चौड़ाई वाले निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई लगभग 430 किमी है। ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग): जी, नहीं।

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास पर किया गया आवंटन/व्यय निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रु. में)	
		राज्य पीडब्ल्यूडी (एनएच)	एनएचएआई
1.	2016-17	1496	195.50
2.	2017-18	1072	450.80
3	2018-19	2345	455.55

अनुलग्नक-I

'राष्ट्रीय राजमार्ग' के संबंध में श्री अरूण साव द्वारा 21.11.2019 को पूछे गए लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *64 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक

छत्तीसगढ़ राज्य में 4 लेन या अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग मानक वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का ब्यौरा

क्र. सं.	राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या	खंड	लंबाई (किमी)	एजेंसी
1.	353	महासमुंद शहर में चार लेन (किमी 31.8 से किमी 47.0)	15.20	लोक निर्माण विभाग
2.	43	सूरजपुर शहर (किमी 339.0 से किमी 344.20), बिसरामपुर शहर (किमी 352.20 से किमी 355.0) में चार लेन	8.00	लोक निर्माण विभाग
3.	63	बीजापुर शहर (किमी 343.30 346.30 के लिए), गीदम शहर (किमी 432.90 से किमी 434.10), जगदलपुर शहर (किमी 497.0 से किमी 498.60) में चार लेन	7.60	लोक निर्माण विभाग
4.	53	रायपुर- दुर्ग खंड (किमी 281.0 से किमी 307.60) में चार लेन	26.60	लोक निर्माण विभाग
5.	53	चार लेन बनाने रायपुर- औरंग खंड में बीओटी (टोल) आधार पर चार लेन	43.46	एनएचएआई
6.	53	दुर्ग बाईपास खंड में बीओटी (टोल) आधार पर चार लेन	18.00	एनएचएआई
7.	53	दुर्ग बाईपास के अंतिम छोर से महाराष्ट्र/छत्तीसगढ़ सीमा में बीओटी (टोल) आधार पर चार लेन	82.60	एनएचएआई
8.	53	छत्तीसगढ़ / उड़ीसा सीमा - औरंग खंड में चार लेन [बीओटी (टोल)]	150.40	एनएचएआई
9.	130	राष्ट्रीय राजमार्ग 200 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग 130) के किमी 91.026 से किमी 126.525 तक सारगांव - बिलासपुर खंड में ईपीसी मोड पर चार लेन	35.50	एनएचएआई
10.	130	राष्ट्रीय राजमार्ग 200 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग 130) के किमी 48.580 से किमी 91.026 तक सिमगा - सारगांव खंड में चार लेन	42.44	एनएचएआई

******